# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जिला- बीजापुर(छ०ग०)

क्रं०/ 4104 /मुचिअ/एनएचएम/स्था०/2020 बीजापुर दिनांक 22/02/2020

## // विज्ञप्ति //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ चतुर्थ तल, छत्तीसगढ़ निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, सेक्टर–27 नवा रायपुर के पत्र क्रं0/एनएचएम/एचआर/2020/1596/3439 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 31.01.2020.परिपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बीजापुर के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **पूर्णतः भरे हुये आवेदन पत्र दिनांक 07.03.2020 तक शाम 5:00 बजे तक अथवा उसके पूर्व पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–बीजापुर (छ0ग0) को प्रेषित करें।** निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। भरे जाने वाले रिक्त पदों का वर्गवार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| No. | Post name | Salary (in Rs.) | No. of Vacant post | Educational Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Physiotherapist | 18000/- | **Total post - 01<br>UR- 01** | Bachelor s Degree in Physiotherapy(BPT) |
| 2 | Sr. - Nursing Officer | 31500/- | **Total post - 01<br>UR- 01** | 1) MSc Psychiatric Nursing (Regular) (Preference-1) Or 2) Bsc Nursing With PG Diploma in Psychiatric Nursing From Institution Recognized By Nursing Counsil of India. (Regular) (Preference-2) At least 1 Year Experience of Working in Psychiatric Hospital is Desireable. 3) BSc Nursing (Regular) Preference-3) At least 2 Years 2 Years of experience of Working in Psychiatry/Mental Health Institution/Hospital |
| 3 | PPM Coordinators (RNTCP) | 22300/- | **Total post -01<br>UR-1** | 1. Post Graduate 2. One year Experience of working in field of communication /ACSM/ Public-Private Partnership/ Health projects/programs Permanent two wheeler driving license&should be able to drive two Wheeler . prefrence to those who has worked in RNTCP Program 2. Certificate/ Diploma/ Degree/ Master holders in Social Sciences/Mass Media/ Communication/Rural Development Advocacy/ Partnership/ related field. |
| 4 | Nursing Officer | 16500/- | **Total post -01<br>UR-1** | B.SC. Nursing (Regular) From at Institution Recognized By Counsil Of India. Two Years Experience of Working in Hospital |
| 5 | Staff Nurse (DH/CHC/PHC), 24*7 PHC, NRC etc. | 16000/- | **Total post -21<br>OBC-3<br>ST-17<br>UR-1** | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in CG Paramedical council. |

a.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | Audiologist | 25000/- | **Total post -01 UR-1** | Bachelor of Audiology and Speech Language Pathology (BASLP)/B.Sc. (Speech and Hearing From) From RCI Recognized |
| 7 | Laboratory Technicians | 14000/- | **Total post -06 ST-05 (F-2) OBC-01** | D.M.L.T. or B.M.L.T. Course with Registration in CG Paramedical Council. |
| 8 | Tech Assistant - Audiometric | 15000/- | **Total post -01 UR-1** | Diploma in hearing language And Speech (DHLS) (Recognized By RCI) |
| 9 | STS (RNTCP) | 17500/- | **Total post -01 OBC-1** | 1. Bachelor's Degree or Recognized sanitary inspector's cours. 2.Certificate course in computer operation (minimum 2 month's) 3. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. prefrence 1. Tuberculosis health visitor's recognized course. 2. Govt. recognized degree/ diploma in Social work or medical Social work 3. Succdessful completion of basic training course (Govt. reognized) for Multi- purpose health workers. |
| 10 | Teach Assistant - Hearing Impaired Children | 15000/- | **Total post -01 UR-1** | PG Deree Diploma in Psychology/Counseling/Health Education/Mas Communication/Social Science |
| 11 | Ophthalmic Assistant | 15000/- | **Total post -05 ST-03 (F-1) OBC-01** | 12 th passed, Two Year Diploma course in Optometry or trained as a Ophthalmic assistant in any of the recognized Government Hospitals as per guidelines of NPCB. |
| 12 | Social Worker | 25000/- | **Total post -01 UR-1** | 1) M Phil PSW, Psychilatric Social Work (Preference-1)<br>2) Master in Psychiatric Social Work (Ragular) at Least 2 Year Experience of Working in Psychiatric Hospital in Desireable (Preference-2)<br>3) Master in Social Worker (Ragular) |
| 13 | Block Account Manager | 21000/- | **Total post -01 OBC-1** | B.com(minimum 40%)+1 year computer Diploma (PGDCA), Knowledge of Tally is Compulsory. |
| 14 | Block Data Manager | 21000/- | **Total post -01 ST-1** | 1) Graduate (40%) % with PGDCA Passed OR<br>2) BCA (40%) |
| 15 | Jr Secretarial Assistant/PADA | 12000/- | **Total post -02 ST-02** | Graduate with at least 1 year Diploma in Computer Applications. |
| 16 | A.N.M. | 12000/- | **Total post -38 ST-34 OBC-03 SC-01** | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counseling |
| 17 | Aaya Bai (SNCU) | 8800/- | **Total post -06 ST-05 OBC-01** | 8th pass |
| 18 | Cleaners | 8800/- | **Total post -03 ST-02 OBC-01** | 8th pass |

## नियम शर्ते एवं चयन प्रक्रिया :–

1- उक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता का 60% ,कौशल परीक्षा 30% एवं अनुभव 10% (प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक अधिकतम 5 वर्ष) के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन किया जावेगा।

2- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के नियमों के अनुरूप पालन किया जावेगा।

3- उक्त पदो पर मार्च 2021 तक के लिये संविदा नियुक्ति दी जावेगी। मानदेय एकमुश्त देय होगा।

4- 16500/– से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे। मूल निवासी उपलब्ध न होने के स्थिति में अन्य राज्य के निवासियों को अवसर दिया जावेगा।

5- 16500/– या उससे कम वेतनमान वाले पदों हेतु बीजापुर जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी तथा जिले के मूल निवासी उपलब्ध नही होने के स्थिति में अन्य जिले के निवासियों को अवसर दिया जायेगा।

6- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ 10वीं/जन्म प्रमाण पत्र, 12वीं, जाति, निवास एवं अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करन अनिवार्य होगा।

7- उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने जो पहले से हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

8- नियुक्ति शर्तो में शिथलीकरण का अधिकार जिला चयन समिति को होगा।

9- आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वंय के द्वारा सत्यापित हों संलग्न करना अनिवार्य है।

10- सभी दस्तावेजों की मूलप्रति लाना अनिवार्य है।

11- आवेदन शुल्क विकलांग/अ0जा/अ0ज0जा0 एवं महिला हेतु 200/– रूपये एवं अ0पि0व0, अनारक्षित पुरूष हेतु 400/– रूपये निर्धारित है। जो कि डी0डी0 के माध्यम से **जिला स्वास्थ्य समिति बीजापुर** के नाम देय होगा।

12- आवेदन शुल्क डी0डी0 के माध्यम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

13- एक से अधिक पदों पर आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन एवं आवेदन शुल्क(डी0डी0) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

14- प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तयों में घटाया अथवा बढ़ाया या निरस्त भी किया जा सकता है।

15- आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नही होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

16- चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

17- भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्वास्थ्य चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

18- शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था एवं निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। अन्यथा आवेदन विचारणीय नही होगा।

19- आवश्यकतानुसार परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिये अभ्यार्थियों को कोई व्यय का भुगतान नही किया जायेगा।

20- चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यार्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।

21- संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का Perfomance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

22- चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

23- उम्मीद्वार की आयु 01.01.2020 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होनी चाहिये, शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में दी गई छुट का प्रावधान होगा।

24- भर्ती प्रक्रिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 मानव संसाधन नीति 2018 के अनुसार की जावेगी।

25- भर्ती की समस्त जानकारी जिला बीजापुर के वेबसाईड **cg.gov.in/bijapur** तथा कार्यालय के सूचना पटल से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– बीजापुर(छ0ग0)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

स्वः हस्ताक्षरित

फोटो

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – बीजापुर (छ0ग0)

आवेदित पद का नाम :............................................................

1. आवेदक का पूरा नाम :............................................................
2. पिता / पति का नाम :............................................................
3. माता का नाम :............................................................
4. जन्म तिथि : दिन........................ माह ........................ वर्ष ........................
5. शब्दों में :............................................................
6. आयु दिनांक (01.01.2020) की स्थिति में :............................................................
7. जाति :............................................................
8. स्थाई पता :............................................................
   :............................................................
9. वर्तमान पता एवं फोन नं0 :............................................................
   :............................................................
10. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) :–

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक / प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अनुभव / विशेष योग्यताएं :............................................................
12. संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :............................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

## संलग्न दस्तावेजो की सूचीः–

| क्रं0 | प्रमाण पत्र का नाम | संलग्न (हॉ/नही) |
|---|---|---|
| 1 | 10 वीं प्रमाण पत्र | |
| 2 | 12वीं प्रमाण | |
| 3 | पैरामेडिकल प्रमाण पत्र | |
| 4 | स्नातक संबंधी प्रमाण पत्र | |
| 5 | स्नान्तकोत्तर प्रमाण पत्र | |
| 6 | जाति प्रमाण पत्र | |
| 7 | निवास प्रमाण पत्र | |
| 8 | कांसिल रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रमाण पत्र | |
| 9 | रोजगार पंजीयन | |
| 10 | अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 11 | अनापत्ती प्रमाण पत्र | |
| 12 | अन्य दस्तावेज | |

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त दर्शायी जानकारी मेरे ज्ञान व अनुभव में पूर्ण, सही व सत्य है, उक्त जानकारी असत्य पायी जाती है, तो मेरा आवेदन अमान्य अथवा मेरी सेवायें समाप्त कर दी जावें।

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम........................................
मोबाईल नम्बर...........................

स्थान : ......................................
दिनांक : ......................................